प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 13.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद विमान हादसे में घायल से की मुलाकात, घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का लिया जायजा, मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक।
2. राज्य सरकार ने सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का लिया फैसला, पकड़े जाने पर पांच हजार से एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान।
3. झारखंड हाईकोर्ट में शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे की याचिका पर आज सुनवाई, अपनी गिरफ्तारी को दी है चुनौती।
4. नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता, लोहरदगा से पीएलएफआई का हार्डकोर सदस्य गिरफ्तार।
5. रांची में कोरोना संक्रमण के मामलों में तेजी, पिछले 24 घंटे में छह नये संक्रमितों की हुई पहचान, सक्रिय कोविड मरीजों की संख्या बढ़कर हुई इक्कीस।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को विमान हादसे में मारे गए पीड़ितों के परिवार से मुलाकात के लिए अहमदाबाद पहुंचे। श्री मोदी यहां विमान हादसे वाली जगह पर गये और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने अस्पताल पहुंचकर घायल से मुलाकात की। इस हादसे में चमत्कारिक रुप से विश्वास नाम के एक व्यक्ति की जान बच गई, जिनसे आज प्रधानमंत्री ने मुलाकात की और उनकी स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान प्रधानमंत्री ने नागरिक उड्डयन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की।

**********************

इस बीच राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक झामुमो ने नागरिक उड्डयन मंत्री से इस्तीफे की मांग की है। पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि इस बड़े विमान हादसे के लिए नागरिक उड्डयन मंत्री को नैतिक जिम्मेवारी लेनी चाहिए।

**********************

इधर, भाजपा ने झामुमो पर पलटवार किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक सीपी सिंह ने कहा है कि ऐसी हृदय विदारक घटना पर राजनीति अच्छी बात नहीं है।

**********************

इस बीच थाईलैंड के फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एयर इंडिया की फ्लाइट एआई– 379 की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। यहां प्लेन में बम होने की सूचना मिली थी। विमान में 156 लोग सवार थे। फ्लाइट फुकेट से दिल्ली आ रही थी। एयर इंडिया की इस फ्लाइट ने फुकेट एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े नौ बजे टेकऑफ किया था।

**********************

राज्य सरकार ने सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का फैसला लिया है। अगर कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीता पकड़ा गया, तो उससे पांच हजार से एक लाख तक का जुर्माना लिया जाएगा। पुलिस को अधिकार दिया गया है कि वह शराब पीने के दौरान इस्तेमाल किए गए वाहन को जब्त कर सकती है।

**********************

राज्य में 38 करोड़ रुपये से अधिक के शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तार निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे की याचिका पर आज झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। विनय चौबे ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए कोर्ट में आपराधिक याचिका दाखिल की है। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है।

**********************

झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति के अध्यक्ष और विधायक सरयू राय ने सेवा की गारंटी अधिनियम और सूचना का अधिकार अधिनियम के अनुपालन को लेकर असंतोष जताया है। पश्चिमी सिंहभूम जिले में सात दिनों के भ्रमण के बाद समिति ने कल देर शाम जिले के वरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद श्री राय ने कहा कि सेवा की गारंटी अधिनियम के तहत राज्य के सभी समाहरणालयों में लोगों को उनके अधिकारों से संबंधित बोर्ड लगाया जाना चाहिए।

**********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में सुरक्षाबलों को एक और सफलता मिली है। लोहरदगा जिले में सुरक्षाबलों और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के एक हार्डकोर नक्सली संदीप भगत को गिरफ्तार किया है। पुलिस को कई आपराधिक मामलों में नक्सली संदीप भगत की लम्बे समय से तलाश थी। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**********************

रांची में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, 24 घंटे में कुल 20 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें 6 पॉजिटिव पाए गए। इसी के साथ ही रांची में कुल सक्रिय कोविड संक्रमित की संख्या 21 हो गई है। रांची में अब तक 37 संक्रमितों की पहचान हुई है। इनमें से 16 संक्रमण मुक्त हो चुके हैं।

**********************

रामगढ़ जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान का किसानों पर सकारात्मक असर पड़ा है।

**********************

बम्बई स्टॉक एक्सचेंज का संवेदी सूचकांक–सेंसेक्स आज शुरूआती कारोबार में गिरावट के साथ खुला। दोपहर में यह शून्य दशमलव आठ प्रतिशत नीचे 687 अंकों की गिरावट के साथ 81 हजार 005 अंक पर कारोबार कर रहा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 212 अंक नीचे गिरकर 24 हजार 677 अंक पर कारोबार करता देखा गया।

**********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव नवासी हजार छह सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तेरह हजार रुपये प्रति किलो है।

**********************

राज्य में दक्षिणी–पश्चिम मानसून के 20 जून के आसपास पहुंचने की संभावना है। इसके पूर्व राज्य भर में प्रचंड गर्मी और उमस रहेगी। हालांकि इस दौरान राज्य के विभिन्न इलाकों में छिटफुट बारिश हो सकती है। इससे तापमान में कमी आएगी और गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है।

*****************